मानसिक स्वास्थ्य पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (नवोदय टाइम्स): आयुर्ज्ञान न्यास और दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी महाविद्यालय ने दो-दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का समर्थन करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के निर्देशों के साथ मुख्य शिक्षा में सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक सीख को बढ़ावा देना था।

मैत्रेयी महाविद्यालय व आयुर्ज्ञान न्यास ने किया आयोजित

समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी शिक्षिका डॉ. गोपी देवदत्त त्रिपाठी ने मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा पर आत्मविचार को प्रेरित करके और समाजशास्त्रीय अनुसंधान में निरंतर सक्रियता का विस्तार करके चर्चा की शुरुआत की। प्रबंधन निकाय की अध्यक्षा प्रो. विजया लक्ष्मी सिंह ने शारीरिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की महत्ता पर जोर दिया। आयुर्ज्ञान न्यास की महासचिव दीप्ति गुलाटी ने सभी शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्घाटनकर्ता प्रो. समधोंग रिन्पोचे ने युद्ध, आय असमानता और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

प्रख्यात वक्ताओं में प्रोफेसर रेणुका सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केजे सिंह, डॉ. ज्वालिन पटेल, डॉ. कविता बाजपेई, डॉ. आलोक बाजपेई, डॉ. अनुरिता जलान, प्रोफेसर कावेरी गिल, अतुल तिवारी और डॉ. अंकिता पॉल भी शामिल रहे।

मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी : रिन्पोचे

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। इसे सार्वभौमिक नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में विशेष महत्व दिया जाता है। यह बात आध्यात्मिक गुरु प्रोफेसर वेन. समधोंग रिन्पोचे ने कही। वे आयुर्ज्ञान न्यास व दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कालेज में समाजशास्त्र विभाग की ओर से बुधवार को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करके आयुर्ज्ञान न्यास के 10 साल की यात्रा के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेमाजिक-भावनात्मक शिक्षा (एसईएल) और प्रारंभिक शिक्षा की सार्वभौमिकता (यूईई) पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। इस मौके पर मैत्रेयी कालेज की प्राचार्य प्रो. हरित्मा चोपड़ा, समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी शिक्षिका डा. गोपी देवदत्त त्रिपाठी, कालेज की प्रबंधन निकाय की अध्यक्षा प्रोफेसर विजया लक्ष्मी सिंह, आयुर्ज्ञान न्यास की महासचिव दीप्ति गुलाटी, प्रोफेसर विवेक सुनेजा आदि मौजूद रहे।

https://www.indiasentinels.com/offbeat/mental-health-matters-ayurgyan-nyas-and-maitreyi-college-jointly-hold-seminar-on-mental-health-under-nep-2020-6302

http://www.uniindia.com/~/experts-researchers-and-students-deliberate-on-mental-health-under-nep-2020/India/news/3173938.html